सुब्रतो मुखर्जी कप में बस्तर ज़ोन बना ओवर आल चैंपियनशिप

चर्चा में क्यों?

6 अगस्त, 2023 को 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत जगदलपुर में आयोजित सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बस्तर ज़ोन ने तीन वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए ओवर आल चैंपियनशिप पर कब्ज़ा किया।

प्रमुख बिदु

- संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत जगदलपुर में आयोजित सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल के विजताओं को पुरस्कार प्रदान किया।
- चार दिवसीय इस फुटबॉल प्रतियोगिता में 14, 17 वर्षीय बालक और 17 वर्षीय बालिका तीन वर्ग में बस्तर ज़ोन में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए ओवर ऑल चैंपियनशिप जीता। दूसरा स्थान सरगुजा जोन और तीसरा स्थान दुर्ग जोन ने प्राप्त किये।
- गौरतलब है कि बस्तर संभाग की टीम इस महीने के अंत में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bastar-zone-became-overall-champion-in-subroto-mukherjee-cup

दृष्टि The Vision